# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीराजपुर

जिला एवं सत्र न्यायालय, ए.डी.आर. सेन्टर, जिला–अलीराजपुर (म.प्र)–457887
दूरभाष क्र. 07394–314753, टोल फ्री नं.–15100, ई–मेल–secdlsaalp@mp.gov.in

विज्ञापन जारी दिनांक 09/07/2025

## विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर द्वारा समाज के कमजोर, पिछडे तथा पीडित व्यक्तियों को सहायता एवं सलाह तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर तथा तहसील विधिक सेवा समिति जोबट हेतु पैरालीगल वॉलेंटियर्स को एक वर्ष के लिए नियुक्त किए जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31.07.2025 :–**

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर, उसके साथ आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति (स्वयं द्वारा सत्यापित) एवं एक पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न कर **दिनांक 31.07.2025 सायं 5.00 बजे तक** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीराजपुर में कार्यालयीन समय में जमा किया जा सकेगा या "सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, अलीराजपुर (म.प्र.) पिनकोड 457887" के **पते पर** आवेदन पत्र डाक/कोरियर द्वारा प्रेषित किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**चयन :–** पैरालीगल वॉलेंटियर्स का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा।

**मानदेय :–** पैरालीगल वॉलेंटियर्स को रू. 5,000/– तक प्रतिमाह मानदेय प्रदाय किया जावेगा।

**साक्षात्कार दिनांक :–**

उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना उनके द्वारा दिए गए मोबाईल नंबर पर एवं ई–मेल आईडी के माध्यम से दी जावेगी तथा चयन सूची की एक प्रति कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीराजपुर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी।

**विशेष नोट :–**

1. पैरालीगल वॉलेंटियर्स का कार्य पूर्णतः सेवा का कार्य है, नौकरी नहीं है, इसके लिए कोई वेतन/मजदूरी देय नहीं है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय–समय पर पी.एल.वी. को निर्धारित मानदेय कार्य करने पर देय होगा।
2. आयु सीमा– कोई भी वयस्क व्यक्ति आवेदन कर सकता है।
3. शैक्षणिक योग्यता–कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण।
4. निम्न समूह के व्यक्तियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी :–

- शिक्षक (जिसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल हैं)
- रिटायर्ड सरकारी सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक
- गैर राजनैतिक एन.जी.ओ. एवं क्लब के सदस्य
- स्टूडेंट और लॉ स्टूडेंट (जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित ना हो)
- महिला समूहो, मैत्रीसंघों, स्व–सहायता समूहों के सदस्य।
- एम.एस.डब्ल्यू. स्टूडेन्ट एवं शिक्षक
- आंगनवाडी कार्यकर्ता
- चिकित्सक

**(नोट – अधिक जानकारी के लिये सचिव या जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीराजपुर से कार्यालयीन समय में संपर्क करें)**

Secretary
District Legal Services Authority
Alirajpur (M.P.)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीराजपुर

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर (म.प्र.) अंतर्गत पैरालीगल वॉलेंटियर्स चयन हेतु

## आवेदन—पत्र

प्रति,

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला – अलीराजपुर (म.प्र.)

फोटोग्राफ

महोदय,

सादर निवेदन है कि मैं प्रार्थी/प्रार्थियां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीराजपुर द्वारा संचालित पैरालीगल वॉलेंटियर्स योजना से जुडकर पैरालीगल वॉलेंटियर बनना चाहता/चाहती हूँ तथा मैं विधिक सेवा के क्षैत्र में स्वैच्छया अपना समय योगदान एवं सेवा कार्य करने के लिये सहमत हूँ। मेरी व्यक्तिगत जानकारी निम्नानुसार है :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम | : | ........................................ |
| 2. | पिता/पति का नाम | : | ........................................ |
| 3. | निवासी/पत्राचार का पूरा पता | : | ........................................ |
| | | | ........................................ |
| | | | जिला ........................ पिनकोड........................ |
| | | | मो.नं. ........................ ई—मेल ........................ |
| 4. | जन्म दिनांक | : | ........................ उम्र........................ |
| 5. | जाति/वर्ग (**ST/SC/OBC/Gen**) | : | जाति—........................ वर्ग—........................ |
| 6. | व्यवसाय | : | ........................................ |
| 7. | शैक्षणिक व अन्य योग्यता | : | ........................................ |
| 8. | सामाजिक कार्यानुभव | : | ........................................ |
| 9. | विशिष्ट उपलब्धि एवं कार्य | : | ........................................ |
| | (जो आपके चयन में सहायक हो) | | ........................................ |

संलग्न :— ........................................

........................................

........................................

स्थान :— ........................

दिनांक :— ........................

आवेदक के हस्ताक्षर

# –:: घोषणा–पत्र ::–

मैं स्व–घोषित करता/करती हूँ कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरे विरूद्ध न तो कोई दोषसिद्धि की गई है और ना ही वर्तमान में मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान एवं विश्वास से सत्य व सही है।

स्थान :– ................................................

दिनांक :– ................................................ आवेदक के हस्ताक्षर